गुरुग्राम में पहली बार राष्ट्रीय स्तर के सरस मेले का आयोजन

चर्चा में क्यों?

4 अक्टूबर, 2022 को हरयिाणा के एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि राज्य के गुरुग्राम ज़िले में पहली बार राष्ट्रीय स्तर के सरस मेले का आयोजन 7 से 23 अक्टूबर, 2022 तक सैक्टर-29 स्थति लेजरवैली ग्राउंड में किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- यहाँ पर देश के 27 राज्यों की कला व संस्कृति के उत्पादों की 250 से अधिक स्टॉल लगाई जाएंगी। खाने-पीने के शौकीन लोगों के लिये अलग-2 राज्यों के 30 लाइव फूड स्टॉल अलग से लगाएँ जाएंगे। एक प्रकार से इस मेले में आने वाले लोगों को मिनी भारत के दर्शन होंगे, जहाँ पर अलग-2 राज्यों के लोकप्रिय उत्पादों के अलावा स्वादिष्ट व्यंजन मिलेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से वहाँ की संस्कृति को जानने व समझने का पूरा अवसर मिलेगा।
- सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस मेले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिये रोजाना अलग-2 विषयों पर कार्यशाला भी आयोजित की जाएंगी ताकि वे अपने उत्पादों की बिक्री करने व मार्केटिंग आदि के स्किल विकसित करके ज्यादा मुनाफा कमा सकें।
- उल्लेखनीय है कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की बेहतर व प्रभावी मार्केटिंग के लिये ग्रामीण विकास मंत्रालय अपना ई-कॉमर्स प्लैटफार्म जल्द ही शुरू करने जा रहा है। अभी तक ये उत्पाद ई-कॉमर्स कंपनियों जैसे अमेजन, फ्लिपकार्ट तथा अन्य ऑनलाइन साइटों के माध्यम से लोगों तक पहुँचाए जा रहे थे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-level-saras-fair-organized-for-the-first-time-in-gurugram